# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 2 0 1 1**

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## HINDI
## हिन्दी
### Paper – II
### प्रश्नपत्र – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**नोट** : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** राहुल सांकृत्यायन ने हिन्दी का प्रथम कवि किसे माना है ?
(A) सरहपाद (B) पुष्य
(C) शालिभद्र सूरि (D) स्वयंभू

**2.** निम्नलिखित में से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है ?
(A) ब्रजभाषा (B) बुन्देली
(C) खड़ीबोली (D) अवधी

**3.** संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन सी भाषा शामिल नहीं है ?
(A) बोडो (B) मैथिली
(C) भोजपुरी (D) डोगरी

**4.** बिहारी उपभाषा वर्ग के अन्तर्गत कौन सी बोली नहीं आती है ?
(A) भोजपुरी (B) बुन्देली
(C) मगही (D) मैथिली

**5.** निम्नलिखित में से अष्टछाप का कवि कौन नहीं है ?
(A) मलूकदास (B) सूरदास
(C) परमानन्ददास (D) कुम्भनदास

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना चिन्तामणि की है ?
(A) अलंकार प्रकाश (B) रसराज
(C) कवि कुलकल्पतरु (D) काव्य निर्णय

**7.** इनमें से कौन सा कवि द्विवेदी युग का है ?
(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'
(B) राधाकृष्णदास
(C) जसवन्त सिंह
(D) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

**8.** इनमें से कौन सा कवि प्रगतिवादी नहीं है ?
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) भवानीप्रसाद मिश्र
(C) त्रिलोचन
(D) शिवमंगलसिंह 'सुमन'

**9.** 'पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ' – किसकी पंक्ति है ?
(A) अज्ञेय
(B) नागार्जुन
(C) रामकुमार वर्मा
(D) शमशेरबहादुर सिंह

**10.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की नहीं है ?
(A) काठ की घंटियाँ
(B) कुआनो नदी
(C) आत्महत्या के विरुद्ध
(D) लिपटा रजाई में

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास देवकीनन्दन खत्री का नहीं है ?
(A) नरेन्द्र मोहिनी (B) भाग्यवती
(C) चन्द्रकान्ता (D) कुसुमलता

**12.** निम्नलिखित में से कौन सा कहानीकार ग्रामीण चेतना का नहीं है ?
(A) मारकण्डेय (B) विवेकी राय
(C) शिवप्रसाद सिंह (D) निर्मल वर्मा

**13.** 'इन्दु' पत्रिका के संपादक का नाम है
(A) अम्बिकाप्रसाद गुप्त
(B) जगदीश गुप्त
(C) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(D) काशीप्रसाद जायसवाल

**14.** 'आवारा मसीहा' रचना किसके जीवन पर आधारित है ?

(A) बंकिमचन्द्र

(B) प्रेमचन्द

(C) शरच्चन्द्र

(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**15.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना नाट्यकाव्य नहीं है ?

(A) अग्निलीक

(B) परशुराम की प्रतीक्षा

(C) अंधायुग

(D) एक कंठ विषपायी

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ हजारी प्रसाद द्विवेदी का नहीं है ?

(A) अशोक के फूल

(B) कुटज

(C) विचार प्रवाह

(D) वृन्त और विकास

**17.** 'प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ' नामक ग्रन्थ के लेखक का नाम क्या है ?

(A) नगेन्द्र

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) कुबेरनाथ राय

(D) रामविलास शर्मा

**18.** 'रसगंगाधर' किसका ग्रन्थ है ?

(A) मम्मट

(B) पंडितराज जगन्नाथ

(C) विश्वनाथ

(D) क्षेमेन्द्र

**19.** इनमें से कौन 'रससूत्र' का व्याख्याता नहीं है ?

(A) शंकुक (B) भट्टलोल्लट

(C) वामन (D) अभिनव गुप्त

**20.** 'द प्रिंसिपल्स ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज़्म' किसका ग्रन्थ है ?

(A) आई.ए. रिचर्ड्स (B) मैथ्यू आर्नल्ड

(C) लुकाच (D) क्रोचे

**21.** निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) प्रियप्रवास, साकेत, कामायनी, कुरुक्षेत्र ।

(B) साकेत, प्रियप्रवास, कुरुक्षेत्र, कामायनी ।

(C) कामायनी, कुरुक्षेत्र, साकेत, प्रियप्रवास ।

(D) प्रियप्रवास, कामायनी, कुरुक्षेत्र, साकेत ।

**22.** प्रकाशन-वर्ष की दृष्टि से हिन्दी पत्रिकाओं का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) आनन्द कादम्बिनी, ब्राह्मण, भारतोदय, हरिश्चन्द्र मैगजीन ।

(B) ब्राह्मण, हरिश्चन्द्र मैगजीन, आनन्द कादम्बिनी, भारतोदय ।

(C) हरिश्चन्द्र मैगजीन, आनन्द कादम्बिनी, ब्राह्मण, भारतोदय ।

(D) भारतोदय, ब्राह्मण, हरिश्चन्द्र मैगजीन, आनन्द कादम्बिनी ।

**23.** निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) उपेन्द्रनाथ अश्क, इलाचन्द्र जोशी, मोहन राकेश, नरेन्द्र कोहली ।

(B) इलाचन्द्र जोशी, उपेन्द्रनाथ अश्क, मोहन राकेश, नरेन्द्र कोहली ।

(C) इलाचन्द्र जोशी, मोहन राकेश, नरेन्द्र कोहली, उपेन्द्रनाथ अश्क ।

(D) नरेन्द्र कोहली, मोहन राकेश, इलाचन्द्र जोशी, उपेन्द्रनाथ अश्क ।

**24.** रामचरितमानस के काण्डों का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, अरण्यकाण्ड ।

(B) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड ।

(C) अयोध्याकाण्ड, बालकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड ।

(D) अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, बालकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड ।

**25.** कवियों का सही अनुक्रम बताइये :

(A) द्विजदेव, केशवदास, विद्यापति, रसखान ।

(B) विद्यापति, द्विजदेव, रसखान, केशवदास ।

(C) विद्यापति, रसखान, केशवदास, द्विजदेव ।

(D) रसखान, विद्यापति, केशवदास, द्विजदेव ।

**26.** निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) कहै कबीर सुनो भाई साधो, भारत दुर्दशा, स्कन्धगुप्त, कबिरा खड़ा बाजार में ।

(B) भारत दुर्दशा, स्कन्दगुप्त, कबिरा खड़ा बाजार में, कहै कबीर सुनो भाई साधो ।

(C) स्कन्दगुप्त, कहै कबीर सुनो भई साधो, भारत दुर्दशा, कबिरा खड़ा बाजार में ।

(D) भारत दुर्दशा, कबिरा खड़ा बाजार में, स्कन्दगुप्त, कहै कबीर सुनो भाई साधो ।

**27.** निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) धरती धन न अपना, झूठा सच, आधा गाँव, धार ।

(B) धार, झूठा सच, आधा गाँव, धरती धन न अपना ।

(C) झूठा सच, धरती धन न अपना, आधा गाँव, धार ।

(D) झूठा सच, आधा गाँव, धरती धन न अपना, धार ।

**28.** प्रकाशन-वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम लिखिए :

(A) पंच परमेश्वर, परदा, परिन्दे, पाल गोमरा का स्कूटर ।

(B) पंच परमेश्वर, परिन्दे, परदा, पाल गोमरा का स्कूटर ।

(C) परदा, पंच परमेश्वर, परिन्दे, पाल गोमरा का स्कूटर ।

(D) परिन्दे, पाल गोमरा का स्कूटर, परदा, पंच परमेश्वर ।

**29.** निम्नलिखित निबन्धकारों का सही अनुक्रम बताइये :

(A) बालमुकुन्द गुप्त, सरदार पूर्णसिंह, श्यामसुन्दर दास, बाबू गुलाबराय ।

(B) सरदार पूर्णसिंह, बालमुकुन्द गुप्त, श्यामसुन्दर दास, बाबू गुलाबराय ।

(C) श्यामसुन्दर दास, बालमुकुन्द गुप्त, सरदार पूर्णसिंह, बाबू गुलाबराय ।

(D) बाबू गुलाबराय, श्यामसुन्दर दास, बालमुकुन्द गुप्त, सरदार पूर्णसिंह ।

**30.** निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) भरतमुनि, भामह, विश्वनाथ, अभिनव गुप्त ।

(B) भरतमुनि, विश्वनाथ, भामह, अभिनव गुप्त ।

(C) भरतमुनि, भामह, अभिनव गुप्त, विश्वनाथ ।

(D) भरतमुनि, अभिनव गुप्त, विश्वनाथ, भामह ।

**31.** निम्नलिखित कृतियों को उनके निबन्धकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) पगडंडियों का जमाना | (i) श्रीलाल शुक्ल |
| (b) अंगद का पाँव | (ii) कुबेरनाथ राय |
| (c) गन्ध मादन | (iii) शरद जोशी |
| (d) जीप पर सवार इल्लियाँ | (iv) हरिशंकर परसाई |
| | (v) रवीन्द्रनाथ त्यागी |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

32. निम्नलिखित आलोचकों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रामस्वरूप चतुर्वेदी | (i) | छायावाद का पतन |
| (b) | देवराज | (ii) | हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास |
| (c) | रामविलास शर्मा | (iii) | नयी कविता के प्रतिमान |
| (d) | लक्ष्मीकांत वर्मा | (iv) | आस्था और सौन्दर्य |
| | | (v) | कविता के नये प्रतिमान |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

33. निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ग्यारह वर्ष का समय | (i) | बंग महिला |
| (b) | दुलाईवाला | (ii) | जयशंकर प्रसाद |
| (c) | ग्राम | (iii) | राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द |
| (d) | रानी केतकी की कहानी | (iv) | रामचन्द्र शुक्ल |
| | | (v) | इंशा अल्ला खाँ |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (v) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (v) | (ii) | (iv) | (i) |

34. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | विराटा की पद्मिनी | (i) | चतुरसेन शास्त्री |
| (b) | वैशाली की नगरवधू | (ii) | वृन्दावनलाल वर्मा |
| (c) | दिव्या | (iii) | हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| (d) | चारुचन्द्र लेख | (iv) | यशपाल |
| | | (v) | जैनेन्द्र कुमार |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |

35. निम्नलिखित काव्यसंग्रहों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हिम किरीटिनी | (i) | त्रिलोचन |
| (b) | अमोला | (ii) | माखनलाल चतुर्वेदी |
| (c) | काल तुझसे होड़ है | (iii) | भवानीप्रसाद मिश्र |
| (d) | गीत फरोश | (iv) | शमशेर बहादुर सिंह |
| | | (v) | शिवमंगलसिंह सुमन |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

36. निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनकी लेखिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | एक कहानी यह भी | (i) | प्रभा खेतान |
| (b) | अन्या से अनन्या | (ii) | रमणिका गुप्ता |
| (c) | हादसे | (iii) | अमृता प्रीतम |
| (d) | रसीदी टिकट | (iv) | मन्नू भण्डारी |
| | | (v) | मैत्रेयी पुष्पा |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**37.** निम्नलिखित कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) ग्लोबल गाँव के देवता — (i) मोहनदास नैमिशराय
(b) जूठन — (ii) रणेन्द्र
(c) मुक्तिपर्व — (iii) सूरजपाल चौहान
(d) छापर — (iv) जयप्रकाश कर्दम
(v) ओमप्रकाश वाल्मीकि

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (v) |
| (B) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (C) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (D) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |

**38.** निम्नलिखित उक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग । — (i) घनानन्द
(b) अनबूड़े बूड़े तिरे, जे बूड़े सब अंग । — (ii) मीराबाई
(c) अति सूधो सनेह को मारग है । — (iii) सूरदास
(d) बसो मेरे नैनन में नंद लाल । — (iv) बिहारी
(v) तुलसी

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (v) |

**39.** निम्नलिखित उक्तियों को उनके ग्रन्थकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) प्रददोषौ शब्दार्थौ सगुणावलंकृती पुन:क्वापि — (i) भट्टतौत
(b) प्रज्ञानवनवोन्येषशालिनी प्रतिभा मता — (ii) तुलसी
(c) न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनिता मुखम् — (iii) मम्मट
(d) कीरति भनिति भूति भल सोई । सुरसरि सम सब कहँ हित होई ।। — (iv) भामह
(v) जायसी

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**40.** निम्नलिखित कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) द कम्यूनिस्ट मेनोफेस्टो — (i) कॉडवेल
(b) द यूज ऑफ पोयट्री एंड यूज ऑफ क्रिटिसिज्म — (ii) आर्नल्ड मैथ्यू
(c) इल्यूजन एंड रिएलिटी — (iii) कार्ल मार्क्स
(d) द पोयटिक इमेज — (iv) टी.ए. इलिएट
(v) सी.डे. लेविस

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (D) | (v) | (iv) | (i) | (iv) |

**निर्देश** : प्रश्न संख्या **41** से **45** तक दी गयी स्थापनाओं (Assertion) और तर्कों (Reason) को ध्यानपूर्वक पढ़कर बहु-विकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें ।

**41.** **स्थापना (Assertion) (A)** : चिन्तन की अपेक्षा कर्म सत्य के अधिक समीप होता है ।

**तर्क (Reason) (R)** : क्योंकि कर्म में सक्रियता और व्यावहारिकता होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) गलत (R) सही
(D) (A) और (R) दोनों गलत

**42.** **स्थापना** (Assertion) (A) : भाषा ही एकमात्र साधन है जो अन्य पशुओं से मनुष्य को पृथक् करती है ।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि भाषा केवल मनुष्य की अर्जित सम्पत्ति है ।

(A) (A) और (R) दोनों गलत
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) और (R) दोनों सही
(D) (A) गलत (R) सही

**43.** **स्थापना** (Assertion) (A) : सीखने का प्रयत्न किये बिना सिखाने की लालसा विफल होती है ।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि सिखाने के लिए सीखने की आवश्यकता नहीं है ।

(A) (A) और (R) दोनों गलत
(B) (A) और (R) दोनों सही
(C) (A) गलत (R) सही
(D) (A) सही (R) गलत

**44.** **स्थापना** (Assertion) (A) : लोभ चाहे जिस वस्तु का हो, जब बढ़ जाता है तब उस वस्तु की प्राप्ति, सान्निध्य या उपभोग से जी नहीं भरता ।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि मनुष्य नहीं चाहता है कि उसकी प्राप्ति बार-बार हो ।

(A) (A) और (R) दोनों गलत
(B) (A) सही (R) गलत
(C) (A) और (R) दोनों सही
(D) (A) गलत (R) सही

**45.** **स्थापना** (Assertion) (A) : कविता ही मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-सम्बन्धों के संकुचित मंडल से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य भावभूमि पर ले जाती है ।

**तर्क** (Reason) (R) : क्योंकि कविता मानव के हृदय को व्यापक नहीं बनाती ।

(A) (A) और (R) दोनों सही
(B) (A) और (R) दोनों गलत
(C) (A) सही (R) गलत
(D) (A) गलत (R) सही

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे सम्बन्धित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50**) के उत्तरों के दिए गये बहु विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

सच्चे वीर पुरुष धीर, गम्भीर और आज़ाद होते हैं । उनके मन की गम्भीरता और शान्ति समुद्र की तरह विशाल और गहरी या आकाश की तरह स्थिर और अचल होती है । वे कभी चंचल नहीं होते । रामायण में वाल्मीकि जी ने कुम्भकर्ण की गाढ़ी नींद में वीरता का एक चिह्न दिखलाया है । सच है, सच्चे वीरों की नींद आसानी से नहीं खुलती । ये सत्वगुण के क्षीर समुद्र में ऐसे डूबे रहते हैं कि इनको दुनिया की खबर ही नहीं होती । वे संसार के सच्चे परोपकारी होते हैं । ऐसे लोग दुनिया के तख्ते को अपनी आँख की पलकों से हलचल में डाल देते हैं । जब ये शेर जागकर गर्जते हैं, तब सदियों तक इनकी आवाज की गूँज सुनाई देती रहती है और सब आवाजें बन्द हो जाती हैं ।

**46.** सच्चे वीर पुरुष कैसे होते हैं ?

(A) सुन्दर, शान्त और चंचल
(B) बुद्धिमान और कायर
(C) तमो और रजोगुण से परिपूर्ण
(D) धीर, गम्भीर और आज़ाद

**47.** कुम्भकर्ण का उल्लेख किस सन्दर्भ में किया गया है ?

(A) वीरता के सन्दर्भ में
(B) आलस के सन्दर्भ में
(C) गाढ़ी नींद के सन्दर्भ में
(D) कायरता के सन्दर्भ में

**48.** जब सच्चे वीर जागकर शेर की तरह गर्जते हैं तो क्या होता है ?

(A) लोग डरकर भाग जाते हैं ।
(B) अपनी वीरता खो देते हैं ।
(C) सदियों तक उनकी आवाज़ की गूँज सुनाई देती है ।
(D) युद्ध के मैदान में डट जाते हैं ।

**49.** सच्चे वीर के मन की गम्भीरता कैसी होती है ?

(A) पहाड़ की तरह ऊँची और पानी की तरह तरल
(B) समुद्र की तरह विशाल और आकाश की तरह स्थिर
(C) हवा की तरह अमूर्त और आग की तरह ज्वलनशील
(D) बर्फ की तरह शीतल और चीनी की तरह मीठी

**50.** इस अवतरण का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ?

(A) सच्ची मानवता (B) सच्ची दयालुता
(C) सच्ची धीरता (D) सच्ची वीरता

**Space For Rough Work**